ALL INDIA GOVERNMENT DRIVERS' FEDERATION

(Regd. No. S/00927 NE/2012/Dt. 13.06.12)

(Recognised by All States/Union Territories Vide Their Individual Affiliated State Govt./Central Govt.)

President:
Rampher Pandey
(M) 9450018863
1/A, PWD Colony, 96, M.G. Marg,
Engg-in-Chief Campus,
Lucknow-226001 (U.P.)

Secretary General
Narinder Singh (Delhi)
(M) 9210274309
Off. Tel. No.: 23378128

Ref. No. AIGDF/2023/88

Date 23.03.2023

सूचना

प्रिय साथियों,

फेडरेशन के पिछले पत्र दिनांक 17–03–2023 की निरंतरता में, मै पुनः भारत की सभी प्रादेशिक/केन्द्र शासित राज्य संगठनो/ केन्द्र सरकार चालक समिति के अध्यक्षो/महासचिवों से अनुरोध है कि 25 मार्च 2023 को होने वाले चुनाव के लिये अपने–अपने राज्यों से 5–5 अधिकृत कार्यकारिणी सदस्यों की सूची, विभागीय पहचान पत्र और मोबाईल नम्बर सहित, पिछले तीन साल का बकाया सदस्यता शुल्क रूपये 6300/–(2100/–रूपये प्रतिवर्ष के हिसाब से) फेडरेशन के बैंक खाते में ऑन लाईन (www.aigdf.org) जमा कराके रसीद सहित फेडरेशन कार्यालय में 20 मार्च 2023 तक जमा कराने का आग्रह किया था । मैं आपको सूचित करना चाहता हूँ कि फेडरेशन के अनुरोध पर दिल्ली सरकार ने श्री रवि प्रकाश, अधीक्षक को रिटर्निंग आफिसर एवं श्री संदीप शर्मा को उनका सहायक फेडरेशन का चुनाव कराने के लिये नियुक्त किया है ।

रिटर्निंग आफिसर के साथ हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि चुनाव सें संबंधित सभी दस्तावेज एवं वोटर लिस्ट उन्हे 24–03–2023 की शाम तक उपलब्ध करा दे जिससे 25 मार्च 2023 चुनाव प्रकिया समय से शुरू की जा सके ।

मेरा सभी साथियों से अनुरोध है कि फेडरेशन का चुनाव नियमानुसार कराने के लिये सहयोग दे । यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जिस राज्य की अधिकृत सदस्यों की सूची और फेडरेशन सदस्यता शुल्क 24 मार्च 2023 अपरान्ह 2:00 बजे तक प्राप्त नही होगी उनके नाम मतदाता सूची में शामिल नही हो पायेगे और उन्हे मतदान करने और चुनाव में हिस्सा लेने योग्य नही होगे । जिसके लिये राज्य चालक समिति स्वंम उतरदायी होगी । चुनाव को शांति पूर्ण कराने के लिये कानूनी व्यवस्था बनाये रखने के लिये पूरा प्रबंध किया जा रहा है ।

सभी राज्य चालक महासंघ/संघ/समितियॉ के अध्यक्षो/महासचिवों से पुनः अनुरोध है कि फेडरेशन के चुनाव को नियमानुसार शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतू सहयोग प्रदान करे और अपने–अपने राज्यो से पॉच अधिकृत सदस्यों के नाम सदस्यता शुल्क सहित 24 मार्च 2023 अपरान्ह 2:00 बजे तक फेडरेशन कार्यालय में भेज दे जिससे मतदाता सूची को अंतिम रूप देकर रिटर्निंग आफिसर को सौपा जा सके ।

नरेन्द्र सिहँ
नरेन्द्र सिहँ
महासचिव